p>Title: Need to set up a Regional All India Institute of Medical Sciences in Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : उपाध्यक्ष महोदय, झारखंड एक नया राज्य है जहां पर एक तिहाई जनजाति की आबादी है एवं वहां पिछड़े, दलित, अन्य गरीब परिवार के लोग निवास करते हैं। यहां के लोग ठीक प्रकार से आहार न मिलने से संक्रामक रोग एवं अन्य बड़ी बीमारियों के शिकार होते जा रहे हैं। राज्य में विशो रूप से चिकित्सा सेवा की उचित व्यवस्था नहीं है जिससे बड़ी बीमारियों का इलाज हो सके। इसके लिए वहां के लोगों को कोलकाता या दिल्ली जाना पड़ता है। इस राज्य में मात्र तीन मेडिकल कालेज हैं जहां मात्र 190 सीटें हैं। अभी हाल ही में एम्स की तर्ज पर 6 राज्यों में रीजनल एम्स अस्पताल खोलने की स्वीकृति दी गई है जहां अच्छे मेडिकल कलेज पहले से हैं। झारखंड के साथ ही बने दो अन्य राज्यों में भी रीजनल एम्स अस्पताल खोलने की अनुमति प्रदान की गई है परन्तु झारखंड राज्य को इससे वंचित रखा गया है। इस राज्य में केन्द्र सरकार के बहुत से उपक्रम हैं जैसे एचईसी, मेकन, सेल, सीसीएल, बीसीसीएल आदि का लाभ उनके कर्मचारियों को भी होगा। झारखंड एक गरीब राज्य है। इस राज्य के निवासियों के पास इतने पैसे नहीं हैं कि वे दिल्ली आकर एम्स में अपना इलाज करवा सकें। इसके लिए राज्य सरकार एक सौ एकड़ जमीन भी देगी।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इस पिछड़े, गरीब राज्य में जनहित में एक रीजनल एम्स की स्थापना अविलम्ब की जाए। इसके स्थल चयन हेतु केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का एक दल तत्काल झारखंड राज्य की राजधानी रांची भेजा जाए।